कार्यालय : अंचल अधिकारी, चन्द्रपुरा (बोकारो)

विविध वाद : 01 /2024

10/07/24 अभिलेख उपस्थापित

उभय पक्ष हाजिर हुए। परन्तु पुकार पर द्वितीय पक्ष काली चरण मांझी अनुपस्थित। यह वाद भूमि विवाद से संबंधित है। वाद की सुनवाई हेतु उभय पक्ष की उपस्थिति आवश्यक है। अभिलेख दिनांक 29/07/24 को रखें।

अं० अ०

29/07/2024 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित। पीठासीन पदाधिकारी याचिका समिति, विधानसभा, झारखण्ड, रांची में होने के कारण वाद की सुनवाई नहीं हो पायी। अभिलेख दिनांक 16/08/2024 को रखें।

अं० अ०
चन्द्रपुरा।

16/08/2024 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्षों के द्वारा हाजिरी दी गयी। उभय पक्षों को सुना। प्रथम पक्ष के द्वारा बताया गया कि काली मुर्मू गलत तरीके से हमलोगो के खतियानी जमीन जिसका विवरण है ~~खाता~~ मौजा - बड़सेरा के खाता सं० 62 प्लॉट सं० 163 रकवा 36 डी० के मध्ये 2¼ डी० भूमि बिक्री कर दिया है, उक्त जमीन कालीचरण मांझी पिता सोमरा मांझी ग्राम - कुरसेरा थाना - दुगदा खरीदा है।

द्वितीय पक्ष कालीचरण मांझी द्वारा बताया गया की हम खतियानी रैयत के वंशज काली मुर्मू से केवाला सं० 1344 दिनांक 31.07.2024 से मौजा. बुड़सेरा खाता सं० 62 प्लॉट सं० 1636 रकवा 36 डी० के मध्ये 4.25 जमीन खरीदा हूँ। उक्त केवाला से प्राप्त भूमि

का दाखिल-खारीज केस सं० 353/23-24 से फराकर लगान रसीद कटवा रहा हूँ। उक्त भूमि पर मेरा दखल है।

द्वितीय पक्ष द्वारा प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन किया। अवलोकनोपरांत यह स्पष्ट होता है कि द्वितीय पक्ष द्वारा मौजा-बुढबेटा के खाता सं०-62 के खतियानी रैयत लखीराम मांझी के वंशज काली मुर्मू से प्रश्नगत भूमि क्रय किया है। प्रथम पक्ष द्वारा भी बताया गया की काली मुर्मू खतियानी रैयत लखीराम मांझी के वंशज है। प्रथम पक्ष का यह भी कहना है की काली मुर्मू हमलोगो के हिस्से की जमीन जिसमें घर-आँगन है वह बेच दिया है, जो गलत है।

उभय पक्षो के सुनने तथा कागजातो के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है प्रश्नगत भूमि के विक्रेता काली मुर्मू, खतियानी रैयत लखीराम मांझी के वंशज है, यदि प्रथम पक्ष को लगता है कि उनके हिस्से की भूमि काली मुर्मू द्वारा विवादित केवाला से बेच दिया गया है तो प्रथम पक्ष उक्त केवाला को रद्द कराने हेतु सक्षम न्यायालय जा सकते है। क्योंकि यह वाद बंटवारा/हक से संबंधित है। इस प्रकार इस वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

C·C·I SSUED
24/8/24

16/08/24
अं० अ०
मधुपुर।

Digitally signed by Naresh Kumar Verma
Date: 2024.09.25 16:56:48 +05:30
Location: 10.93.117.156